श्रेनु पारिख अपने नए शो में निभाएंगी एक अनोखी बहू का किरदार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इस प्यार को क्या नाम दूं में आस्था अग्निहोत्री और इश्कबाज़ में गौरी के रूप में दर्शकों को लुभाने के बाद टीवी अभिनेत्री श्रेनु पारिख अपने अगले शो एक भ्रम सर्वगुण सम्पन्न में जान्हवी की भूमिका के लिए तैयार हैं. नए शो में श्रेनु पारिख एक बहू की भूमिका में नजर आने वाली है लेकिन उनका किरदार काफी शेड्स से भरा होगा. स्टार प्लस पर दिखाए जाने वाले शो का प्रोमो कुछ दिन पहले जारी किया जिसमें बहू के रूप में उनके किरदार में ट्विस्ट है. वैसे अभिनेत्री के इस किरदार से धारावाहिक निश्चित रूप से दर्शकों को एक अलग छाप छोड़ सकता है. श्रेनु पारिख के फैंस छोटे पर्दे पर उन्हें वापस देखने के लिए उत्साहित हैं. प्रोमो में श्रेनू के किरदार में उनके बुरे इरादों की झलक साफ दिखाई दे रही है.

शो और उसकी भूमिका के बारे में बोलते हुए श्रेनु ने पहले कहा था, मैं, दीप्ति कलवानी, जो कि बढो बहू की निर्माता हैं, के साथ जुड़ने का इंतजार कर रही हूं. उसके पिछले प्रोग्रेसिव शो की तरह, यह एक असामान्य और एक अपरंपरागत पारिवारिक ड्रामा है. मैं एक बहू का किरदार निभा रही हूं.

उन्होंने कहा, हमने अभी शूटिंग शुरू की है और यह एक मारवाड़ी परिवार पर आधारित एक बेहद दिलचस्प कहानी है और उनके उतार-चढ़ाव के साथ उनकी जर्नी है. मेरा किरदार जान्हवी का है, जो उसके परिवार को एक साथ रखता है और अपने प्रियजनों के लिए कुछ भी कर सकता है. धारावाहिक की रिलीज की तारीख की घोषणा होना बाकी है. क्या आप श्रेनु को एक नए अवतार में देखने के लिए उत्साहित हैं?

घर मोरे पर्देसिया पर कड़ी मेहनत की : आलिया भट्ट

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने कहा कि उन्होंने कलंक फिल्म के गाने घर मोरे पर्देसिया के लिए कड़ी मेहनत की। इस

गाने के लिए उन्होंने पहली बार शास्त्रीय नृत्य किया। यूट्यूब पर 1.8 करोड़ बार देखे गए इस गाने में आलिया के साथ माधुरी दीक्षित-नेने और वरुण धवन भी नजर आ रहे हैं।

आलिया ने कहा, दोपहर तक इसे एक करोड़ चालीस लाख बार देखा गया था और मैं बहुत खुश हूं कि अधिक से अधिक लोग इस गाने को देख रहे हैं। मैंने इस गाने पर बहुत मेहनत की है। मैं बहुत घबराई हुई थी और इसे करने के बाद मुझे महसूस हुआ कि लगभग 50 प्रतिशत फिल्म रिलीज हो गई है। इसलिए अब मैं फिल्म रिलीज होने पर मैं थोड़ा शांत हो सकती हूं। मैं बेचैन होने के साथ उत्साहित भी रहूंगी। कलंक में आलिया भट्ट, माधुरी दीक्षित नेने, संजय दत्त, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। अभिषेक वर्मन द्वारा निर्देशित यह फिल्म 17 अप्रैल 2019 को रिलीज होगी।

रणवीर सिंह के फैशन पर करीना कपूर ने किया कॉमेंट

करीना कपूर जहां बीटाउन की फैशनिस्टा कहलाती हैं तो वहीं रणवीर सिंह भी फैशन के मामले में बाकी ऐक्टर्स पर भारी पड़ते दिखाई देते हैं। उनका हटकर फैशन सेंस हमेशा ही सुर्खियों में छाया रहता है। कई लोग इसकी तारीफ करते हैं तो कई उन्हें ट्रोल कर देते हैं। अब करीना ने रणवीर के फैशन पर कॉमेंट किया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक इवेंट में करीना कपूर अपने बेटे तैमूर अली खान को लेकर बात कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने उसके कपड़ों के फैशन पर भी बात की। उन्होंने कहा कि तैमूर रणवीर सिंह से ज्यादा स्टाइलिश है। खास बात यह है कि इसी इवेंट में रणवीर सिंह भी मौजूद थे।

बता दें कि, तैमूर अली खान की पॉप्युलैरिटी किसी अन्य स्टारकिड के मुकाबले काफी ज्यादा है। कॉफी विद करण 6 के दौरान यह भी सामने आया था कि पपराजी के बीच तैमूर के फोटोज को लेने की होड़ इसलिए भी ज्यादा रहती है क्योंकि उन्हें इसके सबसे ज्यादा दाम मिलते हैं। वैसे इसी शो में करीना ने तैमूर के पपराजी के आदी हो जाने की बात पर भी चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि उन्हें और सैफ को डर है कि कहीं तैमूर को अपने फोटोज देखने की इतनी आदत न पड़ जाए कि जब उसे कैमरे और पपराजी न दिखाई दें तो वह उनसे सवाल करे कि उसके फोटोज कहां है।

कहो ना प्यार है में काम नहीं करने का नहीं अफसोसः करीना

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर का कहना है कि उन्हें फिल्म कहो ना प्यार है में काम नहीं करने का अफसोस नहीं है।

करीना कपूर और अमीषा पटेल ने वर्ष 2000 में बॉलीवुड में डेब्यू किया था। करीना कपूर ने अभिषेक बच्चन के साथ जहां फिल्म रेफ्यूजी से डेब्यू किया वहीं अमीषा ने रितिक रोशन के साथ कहो ना प्यार है से फिल्मों में अपनी पारी की शुरुआत की। अमीषा की फिल्म उस दौर में सबसे बड़ी हिट रही जबकि करीना की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। शायद करीना को बाद में अपने इस फैसले पर अफसोस भी हुआ होगा, हालांकि करीना ऐसा नहीं मानती है। करीना ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि उन्होंने फिल्म कहो ना प्यार है में काम नहीं किया क्योंकि फिल्म के मेकर्स ने इस फिल्म में अमीषा के लुक पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया था। फिल्म में ऐसे कई सीन थे जहां अमीषा के चेहरे पर पिंपल्स और अंडर-आई बैग्स दिखाई दे रहे थे और इसे मेकर्स ने इग्नोर कर दिया था।

नोरा फतेही ने श्रद्धा कपूर को सिखाए, दिलबर के सेक्सी मूव्स



नोरा फतेही फिल्म सत्यमेव जयते में दिलबर गाने पर डांस करके करोड़ों लोगों के दिल में जगह बना चुकी हैं। अब नोरा रेमो डिसूजा की फिल्म स्ट्रीट डांसर में दिखाई देंगी जिसमें श्रद्धा कपूर और वरुण धवन लीड रोल में हैं। हाल ही में श्रद्धा, वरुण और नोरा के विडियो भी इंटरनेट पर वायरल हुए जिनमें वे मस्ती करते नजर आ रहे हैं। इनमें से एक विडियो में नोरा श्रद्धा को दिलबर डांस सिखाती नजर आ रही हैं। दोनों काफी मस्ती के मूड में नजर आ रहे हैं। फिल्म स्ट्रीट डांसर को रेमो डिसूजा डायरेक्ट कर रहे हैं और यह एबीसीडीकी तीसरी किस्त है। वरुण और श्रद्धा फिल्म की दूसरी सीरीज का भी हिस्सा रह चुके हैं। फिल्म में अपारशक्ति खुराना और शक्ति मोहन भी हैं। स्ट्रीट डांसर 21 मई को रिलीज हो रही है।